मॉड्यूल 7: सामाजिक व्यवहार परिवर्तन–बाल संरक्षण

सत्र 2: एक अच्छे संचारकर्ता के गुण

अवधि: 1:32 मिनट

सत्र 2: एक अच्छे संचारकर्ता के गुण

'एक अच्छे संचारकर्ता के गुण' विषय पर सत्र 4 में आप सभी का स्वागत् है।

सत्र के उद्देश्य

सत्र के अंत तक आप:

- एक अच्छे संचारकर्ता के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल तथा मूल्यों या मनोवृत्ति की सूची बना पाएंगे।

योग्यता को समझना

- आईए सबसे पहले समझें कि योग्यता का क्या मतलब है।
- योग्यता को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है– किसी व्यक्ति की वह क्षमता जो किसी कार्य को प्रभावी रूप से करने और इच्छित परिणाम की प्राप्ति करने हेतु आवश्यक ह।
- आईए अब समझें कि वह कौन से आवश्यक घटक हैं जो व्यक्ति को योग्य बनाते हैं।
- हम कह सकते हैं कि योग्यता के लिए तीन मुख्य तत्व आवश्यक हैं:
    - कार्य का ज्ञान
    - कार्य करने का कौशल
    - सही मूल्य तथा मनोवृत्ति जो व्यक्ति को कार्य पूरा करने के लिए सक्षम बनाते हैं।

आईए आगे इन तत्वों को और विस्तार से समझें

- सरल शब्दों में ज्ञान का तात्पर्य जानकारी, तथा या किसी चीज को जानने से है,
- कौशल का तात्पर्य है कि आप कुछ करने में सक्षम हैं, संचारकर्ता के मामले में जो कौशल आवश्यक हैं वे संचार करने के अच्छे कौशल हैं।
- जबकि मूल्य सामाजिक और सांस्कृतिक रीति–रिवाज़ों से प्राप्त होते हैं और उन्ही से यह निर्धारित होता है कि क्या गलत है, क्या सही है, अच्छा या अन्याय है और लोगों के व्यवहारगत गुण जैसे ईमानदारी, सत्यनिष्ठता, क्या होने चाहिए। मनोवृत्ति या रवैया वह प्रतिक्रिया है जो मूल्यों के परिणामस्वरूप प्राप्त होती है। मनोवृत्ति हमारी किसी चीज, लोग या वस्तु को पसन्द या नापसन्द करना है जो हमारे व्यक्तिगत अनुभवों से उत्पन्न होती है।